# चार बच्चों की मॉ को हुआ इश्क, कोतवाली में चला ड्रामा

## प्रेमी साथ शादी कराने पति ने कोतवाली में दिया तहरीर, पति बोला बच्चों की मॉ मारपीट करती है

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 सितम्बर। कोतवाली क्षेत्र में रह रहें चार बच्चों की मॉ को इश्क का बुखार चढ़ा है। वह खुलेआम अपने प्रेमी से मुलाकात करती है और पति के मना करने पर उसको और उसके बच्चे को जान से मारने की धमकी देती है। पति अपने पत्नी के अफेयर से इस कदर परेशान हो गया कि कोतवाली पहुंच पत्नी की प्रेमी से शादी कराने की गुहार लगाने लगा। पति ने कहा कि पत्नी की शादी उसके प्रेमी से करा दिया जाये, ताकि उसकी और उसके बच्चों की जान बच सके। इसके लिए थाने में बकायदा तहरीर भी दिया है।**

पीड़ित पति ने पुलिस को दिए आवेदन में लिखा कि पत्नी का उ.प्र. के रहने वाले राजेश कुमार वर्मा से अवैध संबंध है। मेरे ड्यूटी पर जाने के




बाद राजेश घर आ जाता है। मैंने कई बार पत्नी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों आये दिन मिलते हैं। मेरे विरोध करने पर दोनों मुझे और मेरे बच्चों को जान से मारने की धमकी देते हैं। साथ ही कहते हैं कि हम दोनों एक-दूसरे को प्यार करते हैं और साथ में रहेंगे। दोनों अलग होने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में मेरी और बच्चों के जान को भी खतरा है। मेरी गुहार है कि दोनों की शादी करवा दी जाए। नही तो आये दिन इसी तरह से इसके साथ भाग जाती है, हमारे बच्चों पर इसका असर पड़ रहा है। साथ ही कॉलोनी में मेरी बदनामी हो रही है। मैं किसी के सामने निकलने से डरता हूॅ। हमारी क्या इज्जत रह गई है। पीड़ित पति ने कहा कि जिस तरीके से हमारे साथ और हमारे बच्चों के साथ वर्ताव कर रही है और आये दिन जान से मरवाने की धमकी दे रही है, ऐसे में कभी भी मेरे साथ कोई घटना हो सकती है। हम और हमारे बच्चे सुरक्षित रहे, ऐसे में इसकी शादी करा दी जाये और मुझे इससे मुक्ति मिल जाये तो ही ठीक है। कोतवाली बैढ़न और गनियारी में चले ड्रामे को देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। जहां लोग यही कह रहे थे पति के साथ अन्याय हो रहा है। चार बच्चों की जिंदगी को बर्बाद कर रही है। इस प्रेम प्रसंग के मामले में पुलिस भी काफी परेशान रही। इस ड्रामे को देख लोग तरह-तरह के सवाल खड़े कर रहे थे।

### 17 साल पहले हुई थी शादी, 16 साल का है बड़ा बेटा

बेचारे पति ने बताया मेरी शादी साल 2008 में उ.प्र. के सोनभद्र में हुई थी। एक बेटा और तीन बेटियां हैं। सबसे बड़े बेटे की उम्र 16 वर्ष, उससे छोटी बेटी 14 वर्ष, जबकि 11-11 वर्ष की दो जुड़वां बेटियां हैं। 17 साल की गृहस्थी उजड़ गई। मेहनत-मजदूरी कर पत्नी को खुश रखने का प्रयास कर रहा था। पति ने कहा कि करीब 10 साल पहले काम करने के लिए पत्नी को लेकर बैढ़न आ गया। यहां निजी पावर प्लांट में नौकरी करने लगा। करीब 4 साल पहले पत्नी के राजेश से संबंधों के बारे में जानकारी लगी। मैंने उसे समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। मैंने खुलकर पत्नी की हरकतों का विरोध किया तो वह मारपीट पर उतारू हो जाती। मुझे और बच्चों को जान से मारने की धमकी देती।

### बेटे ने फोन कर बताया कि राजेश मम्मी के साथ सोया था

पीड़ित पति ने पहले भी दो-तीन बार आवेदन दे चुका हूॅ, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वह पत्नी की हरकतों के बारे में ससुराल में बताया, लेकिन वो लोग भी बोलते हैं कि उसको जो करना है, करे। हमें कोई लेना देना नहीं है। पीड़ित पति ने बताया कि गुरुवार को भी राजेश पत्नी से मिलने सिंगरौली आ पहुंचा। बेटे ने आपत्ति जताई तो उसके साथ राजेश ने मारपीट की। फिर पत्नी और राजेश घर से निकल गए। बेटे ने दोनों को गनियारी की ओर जाते हुए देखा। फिर मुझे फोन किया। मैं तुरंत घर पहुंचा। बेटे को साथ लिया। थोड़ा आगे जाने पर पत्नी राजेश के साथ मिली। उनको रोका तो मारपीट करने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने पूरी घटना का वीडियो बनाया है।

### इनका कहना :-

पति ने थाने में आवेदन दिया है। पत्नी और प्रेमी दोनों ही बालिग हैं। इसलिए जांच के बाद जो भी विधि संगत कार्यवाही होगी, वह की जाएगी।

**अशोक सिंह परिहार**
कोतवाली प्रभारी, बैढ़न

# देवसर विधायक से सर्राटोला की जनता ने मांगी सड़क

## ग्रामीणों ने कहा 3 किमी. सड़क हो गई है खराब

नवभारत न्यूज

**सरई 12 सितम्बर। जिले के देवसर विधानसभा क्षेत्र के बरका-सर्राटोला सहित कई गांवों के ग्रामीणजनों ने देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम से सड़क बनवाने की मांग की है। विधायक ने भी आश्वासन दिया है कि समस्या का निराकरण हर हाल में किया जाएगा।**



ग्राम बरका-सर्राटोला विधानसभा क्षेत्र देवसर अंतर्गत बस स्टैण्ड बरका हिंछलाल जायसवाल के घर से साकेत मोहल्ला महदेवन टोला होते हुये शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सर्राटोला तक कच्ची सड़क बनी हुई है। विगत कई वर्षो से लगातार राहगीरो का आवागमन का प्रमुख साधन है। जिसमें बरका-सर्राटोला के अलावा पिपरहवा, कठदहा ग्रामों के लोगों का भी आने-जाने का नजदीकि एवं सुरक्षित सड़क है। लेकिन वर्षा ऋतु में यह सड़क 3 किमी. चलने लायक नही रह जाती है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं, इसी रास्ते से स्कूल के बच्चे भी पढ़ने जाते हैं। आवागमन में काफी परेशानियां उठानी पड़ती है। दर्जनों की संख्या में ग्रामीणजन देवसर विधायक को मांग पत्र सौपते हुये कहा है कि इस मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़कर निर्माण कार्य कराया जाए। ताकि क्षेत्र की जनता का विकास हो सके।

## एक नजर में

### हब फार वूमेन एम्पावरमेट अभियान आयोजित




**सिंगरौली।** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ल तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें पास पीसीपीएनडीटी अधिनियम, महिलाओं के संवैधानिक अधिकार आदि के बारे में जागरूक किया गया। स्व सहायता समूह द्वारा लगाए गए स्वनिर्मित उत्पादों के माध्यम से पोषण व स्वास्थ्य शिक्षा भी दी गई। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी शैलेन्द्र साकेत, प्रभारी समन्वयक मीनाक्षी त्रिपाठी, अंशिका खरे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य महिलाएं तथा बालिका मौजूद रहे।

### परसौना-रजमिलान मार्ग में लगा रहा जाम

**सिंगरौली।** परसौना-रजमिलान सड़क मार्ग में आये दिन हैवी वाहनों के चलते जाम की स्थिति निर्मित रहती है। हैवी वाहनों के चलते आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि परसौना-रजमिलान मार्ग के अलावा परसौना, बरगवां सड़क मार्ग जाम के झाम से लोग काफी परेशान रहे। हालात रात्रि में बेहद खराब हो जाता है। क्योंकि रात्रि में हैवी वाहन काल बनकर सड़क पर सरपट दौड़ते हैं। कोल वाहन जब निकलते हैं कि एक लाईन से कतारबद्ध चलते हैं, अन्य वाहनों को निकलने के लिए मौका तक नही मिल पाता है। जबकि कलेक्टर का निर्देश है इन कोल वाहनों के आगे स्पीड को कंट्रोल करने के लिए एक बोलेरो वाहन कंपनी का आगे चलना चाहिए। लेकिन कलेक्टर के आदेश को भी यह कोल वाहन अनदेखा कर रहे हैं।



# यातायात पुलिस ने पॉच दिन में 1109 वाहनों पर की कार्रवाई

## जन जागरूकता अभियान में जगह-जगह की जा रही कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 सितम्बर। यातायात पुलिस के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के चलते हो रही मौत को देखते हुये पुलिस ने मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सरकार ने जन जागरूकता अभियान चलाया है।**

जन जागरूकता अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने पॉच दिन में 1109 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुये 6 लाख 500 रूपये का जुर्माना अधिरोपित करते हुये वाहन चालको को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। यातायात प्रभारी दीपेन्द्र सिंह कुशवाह ने जानकारी देते हुये बताया कि अभियान के दौरान 5 दिवस में किये गये यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक जिसमें बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने पर 460-138000, बिना सीट बेल्ट का प्रयोग किए चार पहिया वाहन चलाने पर 390-195000, शराब पीकर वाहन चलाने पर 6-66000, गलत साइड से वाहन चलाने पर 94-47000, ओव्हर लोडिंग यात्री-मॉल वाहनों पर 65-85000, बिना लायसेंस वाहन चलाने पर 5- 11000, बिना परमिट वाहन चलाने पर 1-10000, मोबाईल से बात करते हुए वाहन चलाने पर 3-3000, तेजगति से वाहन चलाने पर 5- 5000, बिना फिटनेस वाहन चलाने पर 1-2000 व अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 77 वाहन चालको से 38500 रूपये वसूला गया। वहीं अभियान के दौरान 5 दिवस में 1109 वाहनों पर कार्यवाही कर 6 लाख 500 रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया।

# जीएसटी दरों के सुधार से स्वदेशी वस्तुओं को मिलेगा बढ़ावा : राजेश

## नेक्स्टजेन-जीएसटी और स्वदेश वस्तुओं का अधिकाधिक प्रयोग पर सेमिनार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 सितम्बर। स्थानीय स्थित सत्या इंटरनेशनल होटल में नेक्स्टजेन-जीएसटी को लेकर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करने का आह्वान किया। सिंगरौली और बैढ़न के व्यापारियों और चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी गण के साथ आयोजित किया गया।**




आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा उपस्थित रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह, देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैढ़न व्यापार मंडल राजाराम केशरी ने की और वक्ता के रूप में मंच पर सिंगरौली चेम्बर आफ कॉमर्स के प्रेसिडेंट संजय प्रताप सिंह, रेडक्रॉस सोसीईटी के चेयरमैन एसडी सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और गणपति जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन राजाराम केसरी ने दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जीएसटी में हुए नए सुधार के माध्यम से जीएसटी को व्यापारियों को और अधिक राहत और सहूलियत दिए जाने की प्रशंसा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने अपने संबोधन में आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है, जिसमें व्यापारियों का सबसे बड़ा योगदान है। राष्ट्र हित को प्रथम उद्देश्य रखने वाले हम देश के एकमात्र राजनैतिक दल हैं। हमारे लिये सत्ता केवल सेवा का माध्यम है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह, संजीव अग्रवाल, भारत लाल गुप्ता, रामेश्वर दास गुप्ता, संजय अग्रवाल, अमर सिंह, राम लखन, सुरेश गुप्ता, सुरेंद्र कोटवानी समेत अन्य मौजूद रहे।

# जिउतिया संतान की दीर्घायु का व्रत है : एनपी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 सितम्बर। ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न के अनुसार जीवित्पुत्रिका व्रत जिउतिया मातृ प्रेम और संतान की दीर्घायु के लिए किया जाने वाला व्रत है।**



सनातन धर्म में जीवित्पुत्रिका व्रत की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। इस दिन सभी व्रती महिलाएं शुद्ध आचरण रखते हुए स्नान-ध्यान कर सात्विक भोजन करती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल कल दिन शनिवार 13 सितंबर को जितिया व्रत का नहाय-खाय मनाया जाएगा। जीवित्पुत्रिका व्रत शुद्धता का प्रतीक भी माना जाता है। पंचांग के अनुसार सप्तमी तिथि 14 सितंबर को सुबह 8 :41 मिनट तक रहेगी। इस तिथि के बाद अष्टमी तिथि की शुरुआत होगी। 14 सितंबर को सप्तमी तिथि युक्त अष्टमी तिथि पड़ रही है। यही कारण है कि इस साल जीवित्पुत्रिका व्रत 14 सितंबर दिन रविवार को मनाया जाएगा। जीवित्पुत्रिका व्रत के दिन सभी माताएं निर्जला उपवास कर संतान की मंगलकामना के लिए और उसकी लंबी आयु के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं और विधि-विधान से पूजा करती हैं। वहीं इस व्रत का पारण पंचांग के अनुसार सोमवार 15 सितंबर के दिन प्रात: 6 बजकर 15 मिनट पर अष्टमी तिथि की समाप्ति होने के बाद और नवमी तिथि के सूर्योदय के बाद किया जाएगा।



# सड़क नहीं, यह है मौत का कुआं

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 सितम्बर। जिला मुख्यालय बैढ़न के माजन मोड़ रेलवे क्रॉसिंग के पास सड़क पर एक ऐसा गड्ढा है जो मौत का कुआं बन बैठा है। जो भी समाएगा तो घटना कारित करेगा।**

आलम यह है कि यह गड्ढा कई महीनों ने बना हुआ है। इस मार्ग से जनप्रतिनिधि के साथ-साथ प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी निकल रहे हैं। इस गड्ढे पर किसी भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि की नजर नही पहुंच रही है। कई बार इस गड्ढे में बाईक सवार फंस चुके हैं और मरते-मरते बचे हैं। इसके बावजूद इस गड्ढे को भरने में जिम्मेदार अधिकारी दिलचस्पी नही दिखा रहे हैं।

# निगाही में हो रहे धर्मांतरण के विरोध में आवास खाली कराने की मांग

## सवर्ण आर्मी ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर की मांग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 सितम्बर। एनसीएल परियोजना निगाही के निजी भूमि पर अवैध आवास में धर्मांतरण कार्य किया जा रहा था। जिसके विरोध में सवर्ण आर्मी के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपते हुये मांग किया है कि निगाही में हो रहे धर्मांतरण में संलिप्त अवैध आवास को खाली कराया जाए।**

ज्ञापन में कहा गया है कि निगाही एनसीएल की जमीन सड़क के किनारे हाल बना हुआ है। जिसमें कई प्रकार के असामाजिक गतिविधियों की पुष्टि हुई है। जिसमें धर्मांतरण संबंधी




जघन्य अपराध विगत 9 सितम्बर को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं अन्य सामाजिक संगठनो की शिकायत पर पुलिस के मौजूदगी में इस आवास में धर्मांतरण का कार्य करते हुये रंगे हाथो पकड़ गया है। सामाजिक संगठनो ने कलेक्टर से मांग किया है कि इस आवास में दोबारा गैर कानूनी असामाजिक कृत्य न हो, इसके लिए इस मकान को गिरा देना ही उचित होगा। मांग आगे कहा गया है कि अति शीघ्र गिरवा दिया जाए। जिससे दोबारा इस हाल मकान के माध्यम से असामाजिक कृत्य को रोका जा सके। ज्ञापन के दौरान सवर्ण आर्मी जिलाध्यक्ष राजेश दुबे, अरविन्द दुबे, आशीष पाण्डेय, प्रदीप चौबे, मानेन्द्र धर द्विवेदी, शशीदेव तिवारी, राजेश, आदित्य, नितिन द्विवेदी, राजीव, नन्दन चौबे, संदीप शास्त्री, दिलीप मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जन समस्याओं को तत्परता के साथ निराकरण करे अधिकारी : रानी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 सितम्बर। नगर पालिक निगम सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल ने आज दिन शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 41 स्थित आईएचएसडीपी कॉलोनी का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क सफाई और पोल संबंधी समस्याओं का अवलोकन संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।**

महापौर ने कहा कि शहरवासियों की सुविधा सर्वोपरि है, जन समस्याओं का अधिकारी तत्परता के साथ निराकरण करे।



उन्होंने कहा जन समस्याओं का समस्या का समय पर समधान करेने नागरिको सेवाओ की गुणवत्ता बनी रहती है। साथ ही कहा कि वार्ड कॉलोनियों में साफ-सफाई कराने के साथ नालियों में कीटनशक दवाओं का छिड़काव कराने के निर्देश दिए । वार्ड में बेहतर प्रकाश व्यवस्था बनाये, ताकि बारिस के समय नागरिको के आवागमन में सुगमता बनी रहे। इसके साथ ही नागरिको से संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देशित किया।

# मुख्य सचिव ने कॉन्फ्रेंसिंग में ली अधिकारियों की बैठक

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 सितम्बर। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छता से सेवा पखवाड़े के संबंध में निर्देश दिए।**

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी कलेक्टर पखवाड़ में निर्धारित दिवसों के लिए तय गतिविधियों का कैलेण्डर बना लें। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इन गतिविधियों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करें। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, संगठनों व आमजनता की भी भागीदारी का प्रयास करें। पखवाड़े में ग्रामीण विकास विभाग और शहरी विकास विभाग द्वारा




स्वच्छोत्सव मनाया जाएगा। इसमें अस्वच्छ स्थलों का चयन कर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि पखवाड़े की अवधि में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जाएगा। सभी जिलों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर की अवधि में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री, जिपं सीईओ गजेन्द्र सिंह , ननि आयुक्त सविता प्रधान सहित अन्य मौजूद रहे।

# सेड मैप कंपनी गार्डो का डकार रही ईपीएफ

## वेतन में भी कर रहा कटौती, सिक्योरिटी गार्डो के हालात खराब, आवाज उठाने पर नौकरी से निकालने की धमकी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 सितम्बर। जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर की सुरक्षा में लगे सिक्योरिटी गार्डो के हालात बद से बत्तर हैं। सेड मैप कंपनी ईपीएफ भी नही दे रही है और न ही सही तरीके से वेतन। ऐसे में सिक्योरिटी गार्डो के भरण-पोषण में भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।**

गौरतलब है कि जिले में सेड मैप कंपनी का मकड़ जाल काफी फैला हुआ है। सेड मैप के




तहत जिले में कई कार्य हो रहे हैं। वहीं जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में सेड मैप के अधीन सिक्योरिटी गार्ड जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर के सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इन गार्डो की निगरानी में जिला अस्पताल चल रहा है। ताकि जिला चिकित्सालय सुरक्षित रह सके। शासकीय संपत्ति की सुरक्षा की निगरानी रखने वाले सुरक्षा गार्ड खुद सुरक्षित नही हैं। कहने का मतलब भले ही जिला अस्पताल की सुरक्षा कर रहे हैं, लेकिन इन गार्डो के परिवार को सही तरीके से भरण-पोषण नही मिल पा रहा है। सेड मैप कंपनी के तहत सुरक्षा गार्ड कार्य कर रहे हैं, लेकिन इन गार्डो का न तो ईपीएफ कट रहा है और न ही पर्याप्त वेतन मिल पा रहा है। नाम न छापने की शर्त पर कई सिक्योरिटी गार्डो ने बताया कि 9 हजार वेतन मिल रहा है। इतने में अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे करे, इस महंगाई में इतना कम वेतन से परिवार नही चल पा रहा है। कंपनी कह रही थी कि ईपीएफ कटेगा, लेकिन वह भी नही मिल पा रहा है। ऐसे में सिक्योरिटी गार्डो के साथ सेड मैप कंपनी मनमानी रवैया अपना रही है। इस कंपनी की तानाशाही से सिक्योरिटी गार्डो में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लेकिन सिक्योरिटी गार्ड आवाज भी उठाने से डर रहे हैं कि कहीं कंपनी के अधिकारियों को पता चलेगा तो नौकरी से निकाल देंगे। यही वजह है कि कुछ कह नही पा रहे हैं।

CMYK